भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1359**

दिनांक 03 दिसम्बर, 2024

**बिस्वनाथ कृषि महाविद्यालय का उन्नयन**

**1359. श्री रंजीत दत्ता :**

क्या **कृषि और किसान कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) असम के बिस्वनाथ चरियाली में बिस्वनाथ कृषि महाविद्यालय में छात्रों के लिए उपलब्ध सीटों की वर्तमान संख्या कितनी है;
(ख) क्या सरकार के पास बिस्वनाथ कृषि महाविद्यालय को कृषि विश्वविद्यालय में उन्नयन करने की कोई योजना या प्रस्ताव है;
(ग) यदि हां, तो इस उन्नयन के संबंध में प्रस्तावित योजना या समय-सीमा का ब्यौरा क्या है; और
(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

कृषि और किसान कल्याण राज्य मंत्री
(श्री भागीरथ चौधरी)

**(क) :** बिस्वनाथ कृषि कॉलेज, बिस्वनाथ चरियाली में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में अंडर ग्रेजुएट पाठ्यक्रम में कुल 100 सीट तथा पोस्ट ग्रेजुएट में 37 सीटें उपलब्ध हैं।

**(ख) से (घ) :** बिस्वनाथ कृषि कॉलेज, बिस्वनाथ चरियाली का प्रशासनिक नियंत्रण असम सरकार के अधीन है।

असम सरकार से प्राप्त सूचना के अनुसार कॉलेज को कृषि विश्वविद्यालय में उन्नयन करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

*******